तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026


सीपत रोड सड़क पर रखा गया मलबा।



(बिलासपुर) प्रवेश प्रारंभ (बिलासपुर)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: लोधीपारा पुराना सरकंडा (कोनी रोड) बिलासपुर
मो. 9203905369, 9203914564, 9203914561

# संपदा अधिकारी सस्पेंड, निगम ने बनाई जांच के लिए हाईपावर कमेटी

- पूर्व महापौर यादव ने आरोपों को गलत बताया, जांच के लिए तैयार
- कोर्ट में दायर परिवाद के आधार पर पुलिस भी कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार भू आबंटन प्रकरण में कथित तौर पर भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में निगम के तत्कालीन संपदा अधिकारी और वर्तमान में सहायक कार्यालय अधीक्षक राजेश कुमार देवांगन को निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने निलंबित कर दिया है। साथ ही दुकानों और प्लाटों के आबंटन के मामले में जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन भी किया गया है। गौरतलब है कि नगर निगम में व्यापार विहार की दुकानों के साथ ही 10 से अधिक खाली प्लाटों के आबंटन में रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। मामले में परिवाद भी दायर किया गया है। इसी परिवाद के आधार पर सिविल लाइन पुलिस मामले की जांच कर रही है। इसमें शिकायत है कि प्लाटों की खरीदी बिक्री को लेकर अनियमितता की गई है। हालांकि तत्कालीन कलेक्टर ने गड़बड़ी को देखते हुए प्लाट आबंटन को लेकर जारी टेंडर को ही निरस्त कर दिया। इसके बाद पैसे की वापसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया।



हरिभूमि में 30 जून को प्रकाशित खबर।

## पहले भी आ चुकी है इस तरह की गड़बड़ी

ध्यान रहे कि इससे पहले भी निगम में इस तरह दुकानों और प्लाटों की गड़बड़ी का मामला सामने आ चुका है। इसके साथ ही निगम में नक्शा और ले-आउट घोटाला भी हुआ है। नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों ने फर्जी आर्किटेक्ट के नाम से 400 से ज्यादा नक्शा, 150 से ज्यादा ले-आउट पास करवा दिया। यह खेल पिछले 10 साल से चला आ रहा था। दरअसल इंजीनियर विकास सिंह को लाइसेंस क्रमांक 234 मिला था। इसके बाद अफसरों ने आर्किटेक्ट विकास सिंह के नाम से फर्जीवाड़े को अंजाम दिया। निगम के अधिकारियों ने जब जांच का दायरा बढ़ाया, तो पता चला कि आर्किटेक्ट विकास सिंह के नाम पर नक्शा पास कराने का काम नगर निगम में 10 जुलाई 2015 से शुरू हुआ, जो जून 2025 तक जारी रहा। नक्शों के अलावा, विकास सिंह के नाम पर 150 से अधिक ले-आउट भी पास कराए गए हैं। एक ही दिन में 29 फाइलों को स्वीकृति दिला दी गई। आज तक विकास सिंह को किसी ने देखा नहीं है।

## अनर्गल आरोप पूरी तरह भ्रामक और मनगढ़ंत : रामशरण

पूर्व महापौर रामशरण यादव ने मामले में कहा है कि जो अनर्गल आरोप उन पर लगाए जा रहे हैं वह पूरी तरह भ्रामक और मनगढ़ंत है। जमीन की बिक्री के लिए टेंडर आमंत्रित करने के साथ टेंडर में आई दरों को निगम आयुक्त और टेंडर कमेटी के द्वारा स्वीकृत किया गया था। कलेक्टर के द्वारा टेंडर प्रक्रिया में त्रुटि पाए जाने के कारण इसे रोका गया। मतलब कि जमीन किसी भी व्यक्ति को आवंटित नहीं की गई। यह जमीन अभी भी नगर निगम की संपत्ति है।

## निगम की छवि धूमिल हुई

अब नगर निगम ने कार्यालय अधीक्षक राजेश देवांगन को सस्पेंड कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि व्यापार विहार भू-आवंटन प्रकरण के संबंध में सोशल मीडिया पर दिए गए वक्तव्य, विभिन्न माध्यमों में प्रसारित समाचार तथा रिश्वत जैसे गंभीर कदाचार की श्रेणी से संबंधित बातचीत के वीडियो सार्वजनिक होने से नगर पालिक निगम बिलासपुर की छवि प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है। इसलिए अधिकारी को निलंबित किया जाता है। ध्यान रहे कि नगर निगम के पूर्व संपदा अधिकारी राजेश देवांगन का करीब 2 साल पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पूर्व संपदा अधिकारी ने कहा कि फर्जी शिकायत की पहले ही जांच हो चुकी है। जांच में उसे आधारहीन माना गया था।

## परिवाद पर सभी को नोटिस

दूसरी ओर कोर्ट में दायर परिवाद के आधार पर जांच के लिए मामला पुलिस के पास आया है। इसमें जांच शुरू कर दी गई है। सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह के मुताबिक आवेदक के साथ ही अनावेदकों को पुलिस की ओर से नोटिस दी गई है। इसमें सभी को बयान के लिए बुलाया गया है।इसके साथ ही निगम से भी जानकारी ली जा रही है कि दुकानों के आबंटन की प्रक्रिया क्या थी और किस चरण तक इसमें काम हुआ था।

### जांच जारी

व्यापार विहार भू-आवंटन प्रकरण के संबंध में सोशल मीडिया पर दिए गए वक्तव्य, विभिन्न माध्यमों में प्रसारित समाचार तथा रिश्वत जैसे गंभीर कदाचार की श्रेणी से संबंधित बातचीत के वीडियो सार्वजनिक होने से नगर पालिक निगम बिलासपुर की छवि प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई है। इसलिए निलंबन की कार्रवाई की गई है।पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

- प्रकाश कुमार सर्वे, निगम आयुक्त

## खबर संक्षेप

### शाला प्रवेशोत्सव : शामिल होंगे तोखन व साव




**बिलासपुर।** जिले में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 1 जुलाई को सुबह 11 बजे से सेजेस लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्थित पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव एवं दिलीप लहरिया शामिल होंगे। इसके अलावा महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

### सांस्कृतिक मंच का भूमिपूजन आज

**बिलासपुर।** यादव समाज मंगला के सामुदायिक भवन और सांस्कृतिक मंच के निर्माण के लिए उप मुख्यमंत्री और विधायक बेलतरा द्वारा दी गई राशि से कार्य शुरू करने 1 जुलाई को भूमि पूजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विधायक सुशांत शुक्ला की अध्यक्षता में तथा मेयर पूजा विधानी, पूर्व महापौर रामशरण यादव, डा सोमनाथ यादव, भुनेश्वर यादव, पार्षद वार्ड नंबर 13 रमेश पटेल, पार्षद वार्ड नंबर 14 हेमंत मरकाम, सुजीत यादव के विशिष्ट आतिथ्य में मंगला स्थित माता चौरा के पास दिन 12 बजे आयोजित होगा।

### वन विभाग करेगा पौधरोपण आज से

**बिलासपुर।** बारिश शुरु होने के साथ ही वन विभाग, वन विकास निगम और सामाजिक वानिकी की ओर से पौधरोपण की शुरुआत स्कूल स्तर पर 1 जुलाई से शुरु की जाएगी। बिलासपुर वनमंडल के रेंजर यशपाल वर्मा ने बताया कि विभाग का पौधरोपण मंडल के तीनों रेंज बेलगहना, रतनपुर और कोटा में किया गया है, जहां मनरेगा के साथ विभागीय और कैम्पा के तहत लाखों की संख्या में पौधे लगाए गए हैं।

### शहर के कई इलाकों में रात-रात भर नहीं आती बिजली

# 4 माह का मेंटनेंस 4 मिनट की बारिश में फेल, बिजली तंत्र चरमराया, विभाग बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बीती शाम आई आंधी और बारिश के कारण बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इस दौरान कई इलाकों में रात 3 बजे तक बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, उपभोक्ताओ ने नेहरू नगर जोन कार्यालय भी घेर दिया। वहीं अधिकारियों दावा सुबह 5 बजे तक लाइन स्टाफ अपनी ड्यूटी देते रहा है। लेकिन लोगों का कहना है कि हर साल गर्मी में 4 माह मेंटनेंस और निर्माण कार्य करने वाले बिजली विभाग बारिश के दिनों में लाचार हो जाता है और घंटे भर की बारिश के बाद सप्लाई ध्वस्त हो जाती है। जिससे विभाग के दावें झुठे साबित हो रहे है।

सोमवार की शाम आई आंधी और बारिश ने शहर में आफत मचा दी, आफत बिजली विभाग में मची, दरअसल रात भर कई इलाकों की बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, जिसके चलते लोगों को रतजगा करना पड़ा और उनके रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए। बताया जा रहा है कि नेहरू नगर स्थित महर्षि फीडर, ओम नगर, सिंधी कालोनी, वेयर हाउस, शेफर स्कूल जैसे फीडर बंद रहे। इसमें डंगाल गिरने और इंश्योलेटर ब्रर्स्ट होने की समस्या रही, जिसके चलते यहां से निकलने वाले सभी लाइन ब्रेकडाउन रही और उपभोक्ताओं को हलाकान होना पड़ा है। इसके साथ ही बृहस्पति बाजार सबस्टेशन में भी खराबी रही और रात 11 बजे तक लाइन सप्लाई की जा सकी है, कलेक्टर बंगले के गिर पेड़ के कारण 11 केवी लाइन बंद रही और अलग लाइन से सप्लाई शुरू की गई है। मंगलवार को भी आधी लाइन ही बनाई जा सकी है।

खास बात यह है कि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आधा स्टाफ होने के बाद भी लाइन सुधार में तेजी से काम किया जाता है। रात में 3 गैंग काम कर रहे है जिसमें 4 स्टाफ मौजूद होता है लेकिन एक साथ कई जगहों पर आई खराबी को बनाने में 2 से 3 घंटे का समय लग रहा है।

## लोगों ने कहा- प्रदेश में सबसे बदत्तर हो चुकी है बिलासपुर की स्थिति




### क्या कहते है उपभोक्ता

सरकंडा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था भगवान भरोसे ही है। हल्की की बारिश और हवा के कारण घंटों सप्लाई बंद रहती है। जिसके चलते घर में रहने वाले लोगों का हाल बेहाल हो जाता है। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चे और बुजुर्ग को उठाना पड़ता है।

- खुश्बू ठाकुर, सरकंडा

नेहरू नगर जोन कार्यालय में बिजली बंद की कोई सुनवाई नहीं होती है, रात के समय यहां शिकायत करने जाने पर स्टाफ मौजूद नहीं होता है, इसलिए फोन से भी शिकायत नहीं ली जाती हे। हर बार स्टाफ की कमी बताकर लाइन दुरूस्त नहीं किया जाता है।

- संतोष जायसवाल, नेहरू नगर

हर महीने मेंटनेंस के नाम पर 3 से 4 घंटें बिजली बंद की जाती है। फिर भी बिजली सप्लाई निर्बाध नहीं हो पा रही है। ठेकेदार और अधिकारी सस्ते केबल और सामान लगाते है जिसके चलते उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात काटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

- जितेन्द्र श्रीवास्तव, नेहरू नगर

बिजली बंद होने के बाद फ्यूज कॉल को फोन लगाया जाता है, लेकिन कभी भी फोन नहीं उठता है। अधिकारी भी फोन उठाने से बचते है। ऐसे में उपभोक्ता किसे फोन लगाए। घंटों बिजली बंद में लोगों को रहना पड़ता है, शहर की हालत ग्रामीण से बदत्तर हो चुकी है।

- पकंज सोनी, अग्रसेन चौक

### यहां रही बिजली बंद

बताया जा रहा है कि मंगलवार को भी सरकंडा, अशोक नगर, चांटीडीह, हर्ष विहार, किला वार्ड, कतियापारा, कश्यप कालोनी, बंधवापारा, सांई विहार, जैसे जगहों पर घंटे भर के लिए बिजली बंद रही। इस प्रकार अभिषेक विहार में बीती रात से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण रात भर बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, जैसे तैसे सुबह सुधार कार्य किया गया लेकिन इसके बाद दिन भर बिजली की आंखमिचौली जारी रही है। तिफरा व सिरगिट्टी क्षेत्र में भी बिजली की समस्या के कारण लोगों को हलाकान होना पड़ा, हालांकि मौसम में नमी के कारण लोगों को ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा लेकिन रोजमर्रा के काम प्रभावित हो गए।

### बारिश के दिनों में आती है दिक्कत

बारिश के दौरान इन्सुलेटर खराब होने की दिक्कत रहती है मई-जून में ज्यादातर उपकरण खराब होते है लेकिन एक बार नार्मल हो जाने के बाद सप्लाई सही रहती है। सोमवार को मल्टीपल जगहों पर एक साथ खराबी आई थी जिसके कारण बिजली बंद थी। स्टाफ की कमी या उपकरण खराब होने जैसा कुछ भी नहीं है।

- एके अम्बस्ट, ईडी



# हल्की बारिश से मौसम सुहाना, तापमान गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में मानसूनी हवाएं सक्रिय होने के बाद हर घंटे मौसम का मिजाज बदल रहा है, विभाग ने भी अलर्ट जारी कर अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं मंगलवार को शाम 4 बजे के बाद मौसम सुहावना हो गया और देर रात तक हल्की बारिश होती रही है। खास बात यह है कि आसपास के कुछ इलाकों में झमाझम बारिश देखी गई जिसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली है।

पिछले 24 घंटे में जिले का अधिकतम तापमान 5 डिग्री तक नीचे जा चुका है। जिले में दो दिनों में हुई हल्की से मध्यम बारिश ने हो रही है, जिससे मौसम में ठंडक घुल चुकी है। जिले में अधिकतम तापमान 39 डिग्री से सीधे 34 डिग्री पर आ चुका है। मौसम वैज्ञानिकों ने कई हिस्सों के लिए आरेंज अलर्ट किया है। वर्तमान में समुद्र तल पर एक मौसमी द्रोणिका पंजाब से हरियाणा, उत्तर प्रदेश होते हुए बिहार तक बनी हुई है। साथ ही, उत्तरी तेलंगाना और उसके आसपास के क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण का घेरा 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित है। एक अन्य द्रोणिका पूर्वी उत्तर प्रदेश से होते हुए पश्चिम बंगाल, सिक्किम और असम तक फैली है। इन मौसमी कारकों के कारण प्रदेश में अगले दो दिनों तक मानसून के पूरी तरह सक्रिय रहने की प्रबल संभावना है।

### शाम 4 बजे के बाद बदला मिजाज

मंगलवार की सुबह से ही सूरज की लुकाछिपी बनी रही लेकिन मौसम का मिजाज शाम 4 बजे के बाद बदला और हल्की बुदांबांदी होने लगी। इस दौरान आउटर क्षेत्रों में तेज बारिश भी देखी गई, जिसमें तखतपुर, रतनपुर, कोटा जैसे इलाके शामिल है। देर शाम हवा का रूख बदलने के साथ ही घंटे भर के लिए झमाझम बारिश होने लगी और यह बारिश रूक-रूक कर बुंदाबांदी में बदल गई, जिससे गर्मी और उमस से लोगों को काफी राहत मिल सकी है।

### बिजली गिरने की आशंका

मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर चेताया है कि इस दौरान बिजली गिरने की प्रबल आंशका बनी हुई है। दरअसल मानसूनी हवाओं के साथ ही घने बादल आसमान पर छाए है । इस दौरान गरजने और बिजली चमकने की घटनाएं बढ़ चुकी है। ऐसे में खेत, खुली पड़ी जमीन और पेड़ जैसी जगहों पर लोगों और मवेशियों के जाने की मनाही की गई है।

### युद्ध के हालात के मद्देनजर लगाई गई थी रोक, 11 हजार आवेदन लंबित

# तीन महीने से नए गैस कनेक्शन वितरण पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान एलपीजी गैस की किल्लत के मद्देनजर सरकार द्वारा नए गैस कनेक्शन जारी करने पर रोक लगाई गई है। उक्त प्रतिबंध आज भी लागू है, लेकिन कनेक्शन चाहने वालों के द्वारा अपना आवेदन लगातार प्रस्तुत किया जा रहा है। आज की स्थिति में साढ़े 11 हजार से भी अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं, जो कि लंबित हैं।

नया गैस कनेक्शन लेने की राह देख रहे आवेदकों ने इस पर से प्रतिबंध हटाए जाने के पहले ही अपना आवेदन संबंधित गैस एजेंसियों में प्रस्तुत करना प्रारंभ कर दिया है। बैन कब हटेगा इस बात का पता फिलहाल किसी को भी नहीं है, लेकिन उससे पहले ही नया कनेक्शन चाहने वालों के करीब साढ़े 11 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिले में गैस एजेंसियों की कुल संख्या 38 है, जिनमें करीब 24 गैस एजेंसियां शहरी क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। हालांकि नए कनेक्शन जारी करने पर रोक है, लेकिन प्रत्याशा में लोगों ने अपना आवेदन जमा करना जारी रखा हुआ है। संभावना जाहिर की जा रही है कि जल्द ही नए कनेक्शनों पर लगा प्रतिबंध हटा दिया जाए।



### बिना केवायसी रिफिलिंग पर पूरी तरह प्रतिबंध

शासन द्वारा केवायसी पूरा नहीं करने वाले ग्राहकों को गैस रिफिल देने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। ज्ञात हो कि ऐसे ग्राहकों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिन्होंने सालों से अपना केवायसी नहीं कराया है। पहले केवायसी कराने के लिए गैस कंपनियों के द्वारा केवल समझाईश दी जाती थी, लेकिन अब बगैर केवायसी गैस रिफिलिंग पूरी तरह रोक दी गई है, ताकि लोग दबाव में आकर अपना केवायसी करवा लें।

### बैन हटा तो बड़ी संख्या में आएंगे आवेदन

एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर जिस तरह मारीमारी हुई थी। उसे ध्यान में रखते हुए लोग एक ही घर में कई गैस कनेक्शन रखने की चाहत रखने लगे हैं, ताकि कमी होने की दशा में अलग-अलग नामों से गैस रिफिल बुक करवाकर विपरीत परिस्थितियों का सामना किया जा सके। ऐसे में पूरी संभावना है कि नए गैस कनेक्शन जारी करने को लेकर लगाया गया प्रतिबंध हटाते ही आवेदनों की बाढ़ आ जाए।

### शासन ने लगाई रोक

नए गैस कनेक्शन जारी करने को लेकर शासन स्तर पर रोक लगाई गई है। इस दौरान भी आवेदक गैस एजेंसियों में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। आज की स्थिति में नया गैस कनेक्शन चाहने वालों के करीब साढ़े 11 हजार आवेदन लंबित होंगे।

- अमृत कुजूर
खाद्य नियंत्रक

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

# Happy National Doctor's Day



## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस : सेवा, समर्पण और मानवता को नमन

**Doctor's Day के अवसर पर डॉ. बी.सी. रॉय को श्रद्धांजलि और सभी डॉक्टरों के प्रति हार्दिक आभार।**

**यह दिन डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि का भी प्रतीक है।**


**हमारे समाज में स्वास्थ्य के संरक्षक होने और निस्वार्थ सेवा करने के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद।**

प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई को भारत में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन महान चिकित्सक, शिक्षाविद्, स्वतंत्रता सेनानी तथा भारत रत्न से सम्मानित डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती एवं पुण्यतिथि की स्मृति में मनाया जाता है। वर्ष 1991 से इस दिवस को देशभर में चिकित्सकों के अमूल्य योगदान के सम्मान में मनाया जाता है। चिकित्सक केवल रोगों का उपचार करने वाले विशेषज्ञ ही नहीं होते, बल्कि वे मानव जीवन के सच्चे रक्षक भी हैं। जन्म से लेकर जीवन के अंतिम क्षण तक हर व्यक्ति को किसी न किसी रूप में चिकित्सक की आवश्यकता पड़ती है। आपातकालीन परिस्थितियों, प्राकृतिक आपदाओं, महामारी अथवा दुर्घटनाओं के समय डॉक्टर अपनी जान की परवाह किए बिना मरीजों की सेवा में जुटे रहते हैं। उनका समर्पण, धैर्य और संवेदनशीलता समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आधुनिक तकनीक, उन्नत चिकित्सा उपकरण और नई उपचार पद्धतियों ने चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा दी है। इसके बावजूद डॉक्टरों के सामने कार्य का अत्यधिक दबाव, मानसिक तनाव, सीमित संसाधन तथा कई बार असुरक्षित कार्य परिस्थितियों जैसी चुनौतियाँ भी मौजूद हैं। ऐसे में समाज का यह दायित्व बनता है कि वह चिकित्सकों के प्रति सम्मान, विश्वास और सहयोग का भाव बनाए रखे। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस केवल डॉक्टरों को सम्मानित करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की भी प्रेरणा देता है। डॉ. बिधान चंद्र रॉय का जीवन सेवा, अनुशासन और मानवता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र के साथ-साथ शिक्षा, समाज सेवा और सार्वजनिक जीवन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। चिकित्सक केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च स्वरूप हैं।

























## खबर संक्षेप

### परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**मुंगेली।** सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने बताया कि बरेला निवासी नितेश की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## निधन

### ऋतु सिन्हा

**बिलासपुर।** भिलाई सेक्टर 2 निवासी श्रीमती ऋतु सिन्हा प्राचार्य पति अमिताभ किशोर सिन्हा का 54 वर्ष की उम्र में 30 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 जुलाई की दोपहर दो बजे भिलाई के रामनगर स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे काव्या श्रीवास्तव की माता, सर्वेश, सुधीर श्रीवास्तव की बहन थी।

### शोभा लाल

**बिलासपुर।** ओम नगर जरहाभाठा निवासी शोभा लाल का निधन हो गया। वे 73 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार 30 जून को सिंधी कॉलोनी स्थित प्रभु की वाटिका में किया गया। वे आशीष दयाल,सीमा, अनुपमा की मौसी, अर्पण अपूर्व की दादी थीं।

### रवि सिंह राजपूत

**तखतपुर।** ग्राम हरनाचाका निवासी रवि सिंह राजपूत 25 वर्ष का 30 मई को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरनाचाका में किया गया।

### अघनिया बाई देवांगन

**मुंगेली।** सरदार पटेल वार्ड निवासी अघनिया बाई देवांगन पति स्व. सुदामा प्रसाद देवांगन उम्र 71 वर्ष का 30 जून को निधन हो गया। वे शत्रुहन देवांगन की भाभी एवं रामायण देवांगन बिल्लू, सुशील देवांगन की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार रावणभाठा स्थित मुक्तिधाम में 1 जुलाई को किया जाएगा।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

क्षेत्र के ग्राम पेंड्रीतालाब (एन) में आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पेंड्री तालाब (एन) निवासी सोनी यादव (39 वर्ष), पिता कन्हैया यादव सोमवार की शाम करीब 5:30 बजे अपने घर के बारी में मवेशियों के लिए चारा एवं पैरा लेने गए हुए थे। इसी दौरान मौसम खराब होने के बीच अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। युवक को देखने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। आनन फानन में युवक को 50 बिस्तर अस्पताल में।भर्ती कराया गया,जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। सोमवार की रात करीब 9:30 बजे धर्मेश यादव, पिता सेवाराम यादव ने थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर मामले की विवेचना में जुट गई है।



### करंट की चपेट में आकर किसान ने गंवाई जान

**मुंगेली।** जिले के ग्राम संगवाकापा में खेत में कृषि कार्य करने गए एक 40 वर्षीय किसान की बिजली के करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब किसान अनजाने में रात को टूटे बिजली के तार के संपर्क में आ गया। जानकारी के अनुसार, किसान जितेंद्र कुमार कोशले पिता स्व. मूलचंद कोशले ग्राम संगवाकापा के निवासी थे। 29 जून की रात क्षेत्र में हुई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के चलते खेत के समीप से गुजर रही बिजली लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया था। रात के अंधेरे में किसी को भी इस टूटे हुए तार की जानकारी नहीं हुई। मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे जितेंद्र कुमार रोज की तरह अपने खेत में काम करने पहुंचे। खेत में काम करते समय वे अनजाने में जमीन पर पड़े लाइव बिजली तार के संपर्क में आ गए। करंट इतना जोरदार था कि वे बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही उनकी प्राणपखेरू उड़ गए। आसपास के लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि विभाग ने समय रहते टूटे तारों की जांच की होती और उन्हें दुरुस्त किया होता, तो एक हंसता-खेलता परिवार उजड़ने से बच सकता था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है।

### संघ ने हिंदू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाई शिवाजी महाराज की जयंती

# छत्रपति शिवाजी का जीवन अमर प्रेरणाश्रोत: भैना

**सीपत।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सोमवार को स्थानीय मंगल भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती को हिंदू साम्राज्य दिवस के रूप में श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वेद साहू ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिलासपुर जिला के जिला कार्यवाह रोहित भैना ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक वीर योद्धा ही नहीं, बल्कि हिंदू स्वाभिमान, राष्ट्रभक्ति, सुशासन और धर्मरक्षा के अद्वितीय प्रतीक थे। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस, दूरदर्शिता और संगठन शक्ति के बल पर हिंदवी स्वराज्य की स्थापना कर यह सिद्ध कर दिया कि दृढ़ संकल्प, राष्ट्रप्रेम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने अपने संपूर्ण जीवन को मातृभूमि, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा, चरित्र निर्माण, अनुशासन, संगठन और समाजहित में कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे शिवाजी महाराज के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करें। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के आदर्शों पर चलने, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, हिंदू संस्कृति एवं सनातन मूल्यों की रक्षा करने तथा समाज में सेवा, समरसता और संगठन की भावना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, दीपक गुप्ता, नीरज जी, नारायण साहू, सतीश पाटनवर, धनंजय धीवर, अमन, राजेश केवट, नीरज सिंह, हरिहर, टार्जन, दिनेश, प्रदीप, अजय सहित क्षेत्र के बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना के वातावरण में संपन्न हुआ।



# मोटर पंप चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार, सामान जब्त




**पथरिया।** पुलिस ने ग्राम जरेली में हुए मोटर पंप चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया 1 एचपी मोटर पंप, केबल वायर एवं प्लास्टिक पाइप बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, शत्रुघ्न प्रसाद साहू, निवासी रोहराकला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम जरेली के नलकूप मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था के लिए लगाए गए बोर पंप से अज्ञात चोर लगभग 130 फीट केबल वायर, 13 नग प्लास्टिक पाइप एवं 1 एच.पी. मोटर पंप, जिसकी कुल कीमत लगभग 14 हजार रुपये है, चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 166/2026 के तहत धारा 303(2) एवं 3(5) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक चोरी का सामान बेचने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम जरेली निवासी योगेश साहू (21 वर्ष) एवं निखिल सिगरौल (23 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार कर ली। उनकी निशानदेही पर चोरी गया मोटर पंप, केबल वायर एवं 12 नग प्लास्टिक पाइप बरामद कर किया गया।

# बांस गीत गाथा अकादमी के जिला अध्यक्ष बने रज्जू

## सीताराम बने जरहागांव ईकाई के अध्यक्ष




बैठक में शामिल सामाजिकजन।

**मुंगेली।** बांस गीत गाथा अकादमी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ यादव के नेतृत्व एवं प्रदेश सचिव संतोष कुमार यादव की उपस्थिति में जिला स्तरीय बांस गीत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष रज्जू यादव बांकी सोनपुरी तथा जरहागांव अध्यक्ष सीताराम यादव को चुना गया।

इस अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी में तहसीलदार प्रकाश यादव, पूर्व प्राचार्य आत्मानंद दाउदपारा डॉ. आईपी यादव, जिलाध्यक्ष नरेश यादव, मनोहर यादव, देवीशंकर यादव, सतीश यादव, दिलीप यादव, विजय यादव, धनीराम यादव, अमर यादव गुना, जल्ला यादव पुरान उपस्थित रहे। प्रदेश सचिव संतोष कुमार यादव द्वारा बांस गीत की महत्ता को बताते हुए कहा गया कि यह केवल छत्तीसगढ़ में ही यादवों के द्वारा गाया एवं बजाया जाने वाला कला है तथा यह यादव समाज की अनुपम धरोहर है।

इस अवसर पर कलाकार साथियों में डेरहा यादव पथरिया, बबलू यादव पेंड्री पथरिया, गोलू यादव लछनपुर, मकुंदा यादव करगीखुर्द, देवारी यादव कुआंगांव, संतोष यादव पथरिया, जवाहर यादव इंदलपुर, शिवरात यादव धरमपुरा, सुखीराम यादव भरूहागुड़ा, गोलू यादव भरूहागुड़ा, अमित यादव गोरखपुर, तितरा यादव नवागांव, भुंडी यादव भरूहागुड़ा, हेमू यादव भुरकाभाठा, सुखनंदन यादव चंदरगढ़ी, रज्जू यादव बांकी, दल्लू यादव कोड़ासर, महेश यादव तिफरा, उमेंद यादव भुरका, राधेश्याम यादव कछार सहित बांस गीत कलाकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# नियमित रूप से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करें पदाधिकारी व कार्यकर्ता: धर्मजीत

**तखतपुर।** तखतपुर, विजयपुर एवं सकरी मंडल में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म विषय पर प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ. धर्मजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म संगठन की विचारधारा, रीति-नीति एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विधानसभा के सभी मंडलों, शक्ति केंद्रों एवं बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सरल ऐप डाउनलोड कर नियमित रूप से ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने का आग्रह किया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर ललिता संतोष कश्यप, कृष्ण कुमार साहू, नैन लाल साहू, दिनेश साहू, प्रमोद ठाकुर, उत्तरा कश्यप, महामंत्री कश्यप, कामता कुलमित्र, प्यारेलाल जायसवाल, रामचरण वस्त्रकार, अमित मंदानी, बंसी पांडे, गुरजीत खुराना, वंदना सिंह, अंकित अग्रवाल, कोमल सिंह ठाकुर, सतीश देवांगन, अजय यादव, सरजू यादव, संजय यादव, महेंद्र पांडे, लल्लन शुक्ला, इस्लाम, श्याम ध्रुव, श्याम रामानंदी, रजनी देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

1st July HAPPY Doctors' Day

HAPPY DOCTORS DAY

DOCTOR'S DAY Celebration

प्रथम हॉस्पिटल
सरकण्डा थाना के पास, बहतराई रोड, बिलासपुर
आराध्या हॉस्पिटल
महामाया चौक, पेट्रोल पंप के सामने, संरकण्डा, बिलासपुर
डॉ रजनीश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. (मेडिसीन) एफ.आई.एस.एन. (स्ट्रोक न्यूरोलॉजी)
डॉ अम्बिकेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. निश्चेतना विशेषज्ञ आराध्या हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाये
- न्यूरोसर्जरी विभाग
- हृदय रोग विभाग (नॉन इनवेसिव सर्जरी)
- मेडिसिन विभाग (ICU)
- अस्थि रोग विभाग
- प्रसुति एवं स्त्री रोग विभाग
- जनरल सर्जरी विभाग
- कैथलैब, एम.आर.आई., सीटी स्कैन
- सोनोग्राफी, डायलिसिस
- डिजिटल एक्स-रे
- ई.सी.जी, ईको, टी.एम.टी
- ई.ई.जी, एम सी व्ही
- फिजियोथेरेपी विभाग
निःशुल्क उपचार की सुविधा
शासकीय (रेलवे, SECL, CSPDCL विभाग, ईपीएफओ, वेयरहाउस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, FCI) आयुष्मान कार्ड, ESIC एवं प्राइवेट इंश्योरेस कम्पनियों के माध्यम से नि शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध।
24x7 Emergency Services ☑ 24x7 भर्ती की सुविधा ☑ 24x7 मेडिकल स्टोर ☑ 24x7 पैथोलॉजी ☑ 24x7 एम्बुलेस
07752-470323, 8962852000

भारत में हर साल 1 जुलाई को मनाया जाने वाला राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस , चिकित्सा पेशेवरों की निस्वार्थ सेवा, समर्पण और करुणा को सम्मानित करता है। भारत में राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस उन स्वास्थ्य सेवा नायकों के प्रति कृतज्ञता का एक और वर्ष होगा जो अथक परिश्रम से जीवन बचाते हैं और जन स्वास्थ्य में सुधार करते हैं । डॉक्टरों की लगन और कड़ी मेहनत का सम्मान करने के लिए हर साल राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाया जाता है। भारत में, यह दिन 1 जुलाई को मनाया जाता है, जो एक प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती है।

समाज का चिकित्सकों के प्रति आभार : डॉक्टर समाज में स्वास्थ्य और चिकित्सा का आधार होते हैं, उन्हें ईश्वर के बाद जीवन रक्षक या 'दूसरा भगवान' माना जाता है उनका पेशा दुनिया के सबसे नेक और सम्मानित पेशों में से एक है अस्पतालों में मरीजों की सेवा के लिए डॉक्टर दिन-रात (24/7) काम करते हैं एक डॉक्टर बनने के लिए बहुत वर्षों की कड़ी मेहनत और गहन अध्ययन की आवश्यकता होती है वे समाज में स्वास्थ्य शिक्षा फैलाकर लोगों को एक बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक करते हैं

Happy Doctors Day




HAPPY DOCTORS DAY
!! भव्य शुभारंभ के उपलक्ष्य में विशेष स्वास्थ्य महा-ऑफर !!
न्यू जनता हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेंटर
New Janta Hospital & Trauma Centre
विशाल रियायती एवं निःशुल्क चिकित्सा शिविर (SPECIAL MEDICAL CAMP)
100% मुफ्त सेवाए (FREE)
- हड्डी एवं जोड़ रोग परामर्श Orthopedic Consultation
- नसों एवं दिमागी रोग परामर्श Neurology Consultation
- महिला एवं प्रसूति रोग परामर्श Gynecology Consultation
- फिजियोथेरेपी सलाह Physiotherapy Consultation
- डाइट और पोषण सलाह Dietician Consultation
ECG बिल्कुल मुफ्त
दिल की सुरक्षा के लिए निःशुल्क जाँच
नाममात्र शुल्क
- हृदय रोग परामर्श (Cardiology) Specialist Cardiology Consultation
- जनरल मेडिसिन परामर्श General Medicine Consultation
- शुगर (डायबिटीज) जाँच व परामर्श Sugar Check-up & Consultation
50% की भारी छूट (HALF PRICE)
रूटीन ब्लड टेस्ट्स पर 50%
सभी प्रकार की खून की सामान्य जाँच पर आधी छूट
डिजिटल X-Ray पर 50%
एक्स-रे कराने पर भी आधी फीस की छूट
24 घंटे आपातकालीन सेवा | अत्याधुनिक पैथोलॉजी व डिजिटल X-Ray | 24 घंटे मेडिकल स्टोर उपलब्ध
सीमित समय का ऑफर ! आज ही न्यू जनता हॉस्पिटल आकर इस विशेष स्वास्थ्य छूट का लाभ उठाएं
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें - 07752-474545, 07752-474848
पता - व्यापार विहार मेन रोड, डोमिनोज़ पिज्जा के बगल में, बिलासपुर (छ.ग.)

HAPPY DOCTORS DAY
अनंत मेमोरियल हॉस्पिटल
HOMEOPATHIC CLINIC
बच्चों का संपूर्ण इलाज दवा द्वारा किया जाता है
Dr. Avneesh Tripathi
B.H.M.S., CCH (Alopathy)
TIME: 11 AM TO 1 PM, 6 PM TO 8 PM
उपलब्ध सुविधाएं
- बवासीर का इलाज
- गठियावात का इलाज
- मधुमेह का इलाज
- कोलाईटिस का इलाज
- ब्लड प्रेशर का इलाज
- अल्सर का इलाज
Nehru Nagar, Near Sai Mandir, Ameri Road Bilaspur
9039946002, 7999199579

स्व. कार्तिकराम साव स्मृति
Late. K.R.Sao Memorial Hospital
सर्जिकल, लेप्रोस्कोपी, इण्डोस्कोपी एवं डेंटल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
सर्जरी: सभी सामान्य ऑपरेशन, पेट, लीवर गुर्दा, पथरी, थायराइड, हार्निया, हाइड्रोसिल आदि के ऑपरेशन की सुविधा,
लेप्रोस्कोपी: लेप्रोस्कोपिक (दूरबीन) विधि द्वारा पित्ताशय, अपेंडिक्स, हार्निया, मोटापे की सर्जरी, बच्चेदानी, ओव्हेरियन सिस्ट, नसबंदी ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डेंटल (दंत चिकित्सा): आधुनिक मशीनों द्वारा सभी प्रकार के दंत रोगों का ईलाज, हीस्टोपैथोलॉजी जांच उपलब्ध की सुविधा,
अन्य विशेष सुविधाएं: सोनोग्राफी, डायलिसिस, एक्स-रे, पैथोलॉजी जांच की सुविधा
24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
डेंटल इम्प्लांट की सुविधा उपलब्ध
लेजर द्वारा बवासीर, फीशर, फिस्टुला का ऑपरेशन
पता : सीपत चौक, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.) मो. 9303732521, 9827165979

## खबर संक्षेप

### सीएआईटी बिलासपुर इकाई ने डॉक्टर्स डे पर किया चिकित्सकों का सम्मान



**बिलासपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स बिलासपुर इकाई द्वारा आज राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे पर चिकित्सा जगत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए चिकित्सकों का विशेष सम्मान किया गया। मानव सेवा और समाज को स्वस्थ रखने में डॉक्टरों के अतुलनीय योगदान को रेखांकित करने के लिए इस सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, राष्ट्रीय सचिव राजू सलूजा, बिलासपुर इकाई के अध्यक्ष हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल और संगठन महामंत्री परमजीत उबेजा ने नगर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों से मुलाकात की। पदाधिकारियों ने डॉक्टर आईएमए प्रेसीडेंट डॉ प्रमोद जायसवाल,डॉ श्रीकांत गिरी, डॉ प्रशांत देवेदी को उनके क्लिनिक जाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके समर्पण और सेवा भाव के लिए कृतज्ञता व्यक्त की। डॉक्टर डे के अवसर पर कैट पदाधिकारियों ने कहा कि डॉक्टर समाज के वास्तविक रक्षक हैं, जो बिना थके मानवता की सेवा में समर्पित रहते हैं।

### एसईसीएल के 9 कर्मियों के सेवानिवृत्त पर भावभीनी विदाई दी गई



**बिलासपुर।** एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से 30 जून को सेवानिवृत्त हुए 9 कर्मियों को मुख्यालय बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में उन्हें सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्यालय प्रशासनिक भवन के कान्फ्रेन्स हाल में निदेशक तकनीकी (संचालन) एन फ्रैंकलिन जयकुमार के मुख्य आतिथ्य, निदेशक (एचआर) बिरंची दास, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र की उपस्थिति में महाप्रबंधक (सिविल) भानु सिंह, मुख्य-प्रबंधक (उत्खनन) शैवाल सक्सेना, प्रबंधक (मा सं) लोक सूचना विभाग मनीष कुमार जूलियट, उप-प्रबंधक (सर्वे) भू-राजस्व विभाग संजय कुमार चौधरी, वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक (राजभाषा) जनसंपर्क विभाग सुधीर कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक प्रशासन विभाग विजय कुमार झा, वरीय सुरक्षा निरीक्षक सुरक्षा विभाग प्रमोद कुमार राही, असिस्टेंट सुपरवाईजर परिवहन विभाग नारायण प्रसाद शर्मा, सुरक्षा उप निरीक्षक सुरक्षा विभाग नरेश कुमार ढीमर को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। इस अवसर पर शीर्ष प्रबंधन ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के योगदान, कार्यकौशल से ही कम्पनी सफलता के मुकाम पर पहुंची है। सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उद्घोषणा का दायित्व सविता निर्मलकर ने निभाया।

### रीडर व प्रधान आरक्षक को सेवानिवृत्ति पर आईजी गर्ग ने दी विदाई



**बिलासपुर।** पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में बिलासपुर रेंज में उप निरीक्षक रामकुमार पटेल रीडर और प्रधान आरक्षक विरेन्द्र कुमार शास्त्री 30 जून को सेवानिवृत हो गए। उन्हें आईजी रामगोपाल गर्ग ने एक कार्यक्रम में भावभीनी विदाई दी। समारोह के दौरान आईजी श्री गर्ग ने दोनों पुलिस अधिकारियों के कुशल व अनुशासित कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें श्रीफल, पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। श्री गर्ग ने अपने संबोधन में दोनों अधिकारियों को पुलिस विभाग के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने विशेष रूप से रामकुमार पटेल के 300 से अधिक पुरस्कार और बेदाग कार्यकाल की प्रशंसा की। आईजी बिलासपुर रेंज ने उनके सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी विभाग को जब भी आवश्यकता होगी, उनके मार्गदर्शन और परामर्श का लाभ लिया जाएगा। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक विवेक शर्मा, निरीक्षक, अशोक वैष्णव, निरीक्षक सरिता तिवारी और प्रधान आरक्षक ओम प्रकाश मिश्रा ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं। सेवानिवृत्त हो रहे उप निरीक्षक श्री पटेल और प्रधान आरक्षक विरेन्द्र कुमार शास्त्री ने इस सम्मान के लिए आईजीपी श्री गर्ग और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कार्यालय में पदस्थ सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने दोनों पुलिस अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन संजय रावत ने की।

### अखिल भारतीय वैश्य कसौंधन महासभा ने किया ऋषभ को सम्मानित



**बिलासपुर।** अभा वैश्य कसौंधन महासभा ट्रस्ट ने कसौंधन वैश्य समाज के होनहार सीए ऋषभ गुप्ता पिता दिलीप गुप्ता को प्रथम प्रयास में ही सीए की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर इन्हें मेधावी रत्न सम्मान समारोह 2026 में इनकी उपलब्धि पर प्रशस्ति पत्र एवं गुलदस्ता भेंटकर सम्मानित किया। रमेश गुप्ता ने बताया कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया द्वारा घोषित मई 2026 की फाइनल परीक्षा के परिणाम में सीपत के ऋषभ गुप्ता ने सफलता हासिल कर चार्टेड अकाउंटेंट (सीए ) बन गए, ऋषभ ने ग्रुप एक में 160 अंक और ग्रुप दो में 150 अंक प्राप्त किए। सीपत के दिलीप गुप्ता एवं लेखनी गुप्ता का बेटा ऋषभ गुप्ता ने यह उपलब्धि हासिल की है उन्हें अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता गुरुजनों और रिश्तेदार दिया। इस अवसर पर द्वारिका गुप्ता, दिलीप गुप्ता, रमेश गुप्ता, रामकृष्ण गुप्ता, दीपा गुप्ता, लेखनी गुप्ता, प्रेमलता गुप्ता, मधु गुप्ता, माधुरी गुप्ता, श्रीमती श्रुति गुप्ता, आनंद गुप्ता, किशोरीशरण गुप्ता, श्रीमती निशा गुप्ता, रशेष गुप्ता, रमेश गुप्ता, शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे।

### एनएचएआई ने सभी एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट किए बंद

# बिलासपुर-उरगा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रतिबंधित




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एनएचएआई द्वारा कोरबाः भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विकसित किए जा रहे रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर के निर्माणाधीन बिलासपुर-उरगा मार्ग पर आम नागरिकों एवं सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह मार्ग अभी निर्माणाधीन है, तथा तकनीकी रूप से सामान्य यातायात के लिए चालू नहीं किया गया है।

विभाग द्वारा सीसीटीवी कैमरे से इसकी निगरानी की जा रही है। उल्लंघन करते पाए जाने की स्थिति में संबंधित वाहन चालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण परियोजना कार्यान्वयन इकाई, कोरबा के परियोजना निदेशक अंकित आनंद ने बताया कि निर्माणाधीन बिलासपुर-उरगा खंड पर

- सीसीटीवी से ही जा रही निगरानी
- उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

अनधिकृत आवागमन को रोकने के लिए सभी एंट्री एवं एग्जिट पॉइंट बंद कर दिए गए हैं, साथ ही, पूरे राजमार्ग में निगरानी के लिए सीसीटीवी सर्विलांस प्रणाली स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंध के बावजूद निर्माणाधीन मार्ग पर प्रवेश करने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वर्तमान में इस मार्ग का उपयोग केवल परियोजना निर्माण कार्य में संलग्न वाहनों, मशीनरी एवं अधिकृत कर्मियों द्वारा ही किया जा रहा है। एनएचएआई ने सभी नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्माणाधीन मार्ग पर प्रवेश न करें तथा आवागमन के लिए केवल निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें। निर्माणाधीन मार्ग पर अनधिकृत प्रवेश न केवल सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक जोखिमपूर्ण है, बल्कि इससे निर्माण कार्य की गति भी प्रभावित हो सकती है।

# हरिभूमि के स्वास्थ्य शिविर में की गई जांच, मिला इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि के 25 वें स्थापना दिवस पर अवसर पर सामाजिक सरोकार की श्रृंखला में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों की सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच कर उन्हें आवश्यक उपचार एवं जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.के. कश्यप एवं उनकी टीम ने मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए।

- स्थापना दिवस पर सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन

जांच के बाद मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान लोगों ने चिकित्सकों से मौसमी बीमारियों, खानपान और बचाव के उपायों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। डॉ कश्यप ने कहा कि मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है और बारिश शुरू होने के साथ ही उमस बढ़ गई है। ऐसे मौसम में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से पनपते हैं, जिससे फूड पॉइजनिंग, डायरिया, उल्टी, बुखार और पेट संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को खुले में लंबे समय तक रखे गए खाद्य पदार्थों तथा बासी भोजन का सेवन करने से बचना चाहिए। इस मौके पर हरिभूमि के उप्रमहाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, अंजना शर्मा,भुवन देवांगन, प्रशांत सिंह, रीतेश शर्मा, विक्रम निर्मलकर, नवीन सोनी, राकेश मानिकपुरी, उज्जवल तिवारी मौजूद रहे।




शिविर में मरीजों की जांच करते डा. कश्यप।

### खानपान में स्वच्छता का रखें विशेष ख्यालः डा. कश्यप

डॉक्टर कश्यप ने सलाह दी कि भोजन हमेशा ताजा और स्वच्छ रखें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं तथा उबला या शुद्ध पानी ही इस्तेमाल करें। बाहर के कटे हुए फल, खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थ और अस्वच्छ स्थानों पर मिलने वाले पेय पदार्थों से दूरी रखें। घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखना भी संक्रमण से बचाव के लिए बेहद जरूरी है। अधिक तैलीय, मसालेदार भोजन भी इस सीजन में लेने से बचें। पेट दर्द, तेज बुखार जैसी कोई समस्या हो, तो दवा लेने के बजाय पहले चिकित्सक से परामर्श लें।

### लोगों ने शिविर को सराहा

शिविर में पहुंचे लोगों ने हरिभूमि की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श मिलने से उन्हें काफी लाभ मिला। हरिभूमि द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर को लोगों ने जनहित की उपयोगी पहल बताया।

# अटल विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन, बताया खेल का महत्व



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी एवं क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी खेल सृष्टि : भारतीय दृष्टि का मंगलवार को समापन हुआ। इस संगोष्ठी का उद्देश्य भारतीय खेल-दर्शन, सांस्कृतिक परंपराओं, स्वदेशी खेलों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा समकालीन खेल परिदृश्य के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना तथा भारतीय खेल दृष्टि को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करना था।

इस अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के द्वितीय दिवस कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुजीत सोमसुंदर बी ने आईपीएल की अर्थव्यवस्था एवं भारतीय जीडीपी पर उसके प्रभाव विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि खेल आज केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, रोजगार, पर्यटन, मीडिया, खेल उद्योग तथा आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बन चुका है। डॉ. अजय सिंह राजपूत ने कहा कि भारत की पारंपरिक खेल संस्कृति केवल शारीरिक दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नैतिकता, सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना एवं व्यक्तित्व विकास का भी आधार है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप खेल शिक्षा के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। इसके पश्चात एक विशेष पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें प्रसाद महानकर, सुजीत सोमसुंदर बी तथा ऑस्ट्रेलिया से विजय दुबे ने सहभागिता की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. ललित प्रकाश पटैरिया रहे। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय तथा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. तार्णिश गौतम उपस्थित रहे।

### जीडीसी पानी टंकी से सप्लाई आज बंद रहेगी

**बिलासपुर।** जीडी कालेज पानी टंकी से 1 जुलाई को पानी की सप्लाई बंद रहेगी। जल उपभोक्ताओं से कहा गया है कि जीडी सी कॉलेज पानी टंकी की सफाई का कार्य 1 जुलाई को किया जाएगा। जिसके कारण इस जलागार के जल प्रदाय क्षेत्र राजेन्द्र नगर, इंदु चौक, इमलीपारा, मसानगंज, खपरगंज, टेलीफोन एक्सचेंज रोड, तेलीपारा, करबला रोड के आंशिक क्षेत्रों में सायंकाल में जलप्रदाय बाधित रहेगा। इसे आवश्यकतानुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है। नगर निगम आयुक्त नेबताया कि बारिश के मौसम में टंकी की साफ-सफाई बहुत ही जरूरी हो जाती है ऐसा नहीं करने पर टंकी के अंदर काई जमने की संभावना अधिक रहती है, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाती। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन समय-समय पर पानी टंकी की आवश्यक सफाई का काम करती है।

# लायंस क्लब उत्कर्ष का शपथ ग्रहण डॉ. आरती पांडे बनी अध्यक्ष




**बिलासपुर।** लायंस क्लब उत्कर्ष 3233 सी का शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि प्रीति पाल बाली रही जिन्होंने कहा जब हम समाज सेवा से जुड़ते हैं तो हमारे फिजिकली मेंटली इमोशनली बहुत स्ट्रॉन्ग होते हैं।

शपथ अधिकारी रीजन चेयरपर्सन लायन शैलेश बाजपोयी ने नई टीम व नए सदस्यों को शपथ दिलाई। जोन चेयरपर्सन लॉयन डॉ हर्ष पांडे ने नए प्रोजेक्ट में प्रकाश डाला। पूर्व अध्यक्ष ला, शकुंतला जितपुरे ने किए गए कार्य को विस्तार से बताया जिसमे स्वास्थ्य, शिक्षा पर्यावरण मे मुख्य रूप से कार्य किया गया। कार्यक्रम में ध्वज वंदना कुसुम सोमानी द्वारा प्रस्तुत की गई और डॉक्टर रश्मि गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया। नई टीम में अध्यक्ष ला. डॉ आरती पांडे, सचिव ला.डॉ रश्मि जितपुरे सहसचिव रश्मि गुप्ता व कोषाध्यक्ष रेखा अग्रवाल सहसचिव रश्मि चौहान, प्रथम,द्वितीय उपाध्यक्ष ट्विंकल आडवाणी व हेमलता ठाकुर बनी। टेमर श्रुति अग्रवाल, टेल ट्विस्टर भारती तिवारी,क्लब एडमिनिस्ट्रेटर वीना अग्रवाल, एलसीआईएफ कॉर्डिनेटर सुधा मरदा,सर्विस चेयरपर्सन डॉ शकुन्तला जितपुरे बनी।

### विधायक अमर ने संयुक्त राष्ट्र में महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने अपने विदेश यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष नमन करना उनके लिए अत्यंत गौरव और भावुकता का क्षण रहा। सहपरिवार इस ऐतिहासिक स्थल पर भारत के तिरंगे की गरिमा, मातृभूमि के सम्मान और भारतीय संस्कृति की वैश्विक प्रतिष्ठा को निकट से अनुभव करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान केवल उसकी सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति, संस्कार और महापुरुषों के आदर्शों ने पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाया है। महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और मानवता के विचार आज भी विश्व को शांति, सद्भाव और सेवा का मार्ग दिखा रहे हैं।

### कोरिया अग्निकांड की सीबीआई जांच, न्याय की जीत



**बिलासपुर।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह परिहार, शिव सेना अध्यक्ष हरीकपुर सिंह, शिवप्रताप सिंह, कन्नौजिया क्षत्रिय प्रदेश अध्यक्ष आनंद वल्लभ सिंह राणा प्रताप सिंह, श्रीनिवास सिंह, आशीष सिंह, प्रफुल सिंह द्वारा लगातार उठाई गई न्याय की मांग का प्रभाव दिखाई दिया है। राजपूत क्षत्रिय समाज की लंबे समय से चली आ रही सीबीआई जांच की मांग को शासन ने स्वीकार करते हुए सीबीआई जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। यह निर्णय समाज की एकजुटता, संघर्ष और न्याय के प्रति अडिग संकल्प की जीत है। अब समाज की मांग है कि दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर उन्हें कठोर से कठोर दंड दिया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अमानवीय घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। "न्याय के लिए उठी आवाज़ कभी व्यर्थ नहीं जाती। एकता, संघर्ष और संकल्प की जीत हुई है।"

# एलसीआईटी में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 3 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एलसीआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस बिलासपुर अपने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए इस सत्र में बिलासपुर और पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आया है, जिसके तहत एलसीआईटी का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल भारत की टॉप-10 फार्मा कंपनियों में शुमार मैकलोडस फार्मास्यूटिकल्स के सहयोग से 3 जुलाई को सुबह 10 बजे से संस्थान के सेमिनार हॉल में वॉक-इन ओपन प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रहा है।

बिलासपुर के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके अभिभावकों के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस मेगा ड्राइव की सबसे खास बात यह है कि इसमें बिलासपुर व आसपास के किसी भी



### एजुकेशन प्लस

मान्यता प्राप्त कॉलेज से पिछले 3 वर्षों के पासआउट छात्र सीधे हिस्सा ले सकते हैं, जहाँ चयनित उम्मीदवारों को 4.5 एलपीए तक का शानदार सालाना सैलरी पैकेज और कंपनी के प्रतिष्ठित सीओई में 3 महीने की पेड इंटर्नशिप के साथ सीधे फुल-टाइम परमानेंट नौकरी पाने का शानदार मौका मिलेगा। इस ड्राइव के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार डी फार्मेसी पास उम्मीदवार प्रोडक्शन विभाग के लिए बीएससी केमेस्ट्री के छात्र प्रोडक्शन एपीआई और क्यूसी सैंपलिंग विभाग के लिए; एमएससी केमेस्ट्री बायोलाजी के छात्र एपीआई प्रोडक्शन और क्यूसी विभाग के लिए तथा बी फार्मेसी व एम फार्मेसी डिग्री धारक छात्र फॉर्मुलेशन प्रोडक्शन, क्यूए और क्यूसी के लिए पात्र होंगे।

इस अवसर पर एलसीआईटी ग्रुप के चेयरमैन प्रमोद जैन ने कहा है कि हमारा उद्देश्य बिलासपुर संभाग के हर योग्य युवा के हाथ में एक सुरक्षित और सम्मानजनक भविष्य सौंपना है।संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड अमित पांडेय ने कहा मैक्लोड्स फार्मास्युटिकल्स जैसी वैश्विक कंपनी का कैंपस में आना छत्तीसगढ़ के युवाओं की काबिलियत पर उद्योग जगत के भरोसे को दर्शाता है। श्री पाण्डेय ने बताया कि इस संस्थान से पढ़कर निकले छात्र-छात्राएं प्लेसमेंट के माध्यम से देश-विदेश के नामी कंपनियों में आज अपनी सेवाएं दे रहे हैं।










## प्रगति, समृद्धि और सम्मान
## यही है बेलतरा की पहचान..

बेलतरा विधानसभा क्षेत्रांतर्गत
नगर पालिक निगम बिलासपुर में विभिन्न कार्यो

# भूमि पूजन

**दिनांक 1 जुलाई 2026 (बुधवार) सुबह 11 बजे**

**स्थान : माताचौरा, मंगला, बिलासपुर**



**सुशांत शुक्ला**
विधायक बेलतरा विधानसभा

**आप सभी सादर आमंत्रित हैं...**

## विधायक निधि/अधोसंरचना मद/खेल विभाग के कार्य

| कार्य का नाम | लागत |
|---|---|
| वार्ड 13 दीनदयाल कालोनी मंगला के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 25.00 |
| वार्ड क्र. 13 सामुदायिक मंच सह कक्ष निर्माण कार्य, छपराभांठा बजरंग चौक मंगला | 20.00 |
| वार्ड क्र. 47, ठाकुरदेव मंदिर के पास, निर्मित सामुदायिक भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण एवं विकास कार्य, आवासपारा मोहल्ला, मोपका | 10.00 |
| वार्ड क्र. 47, रामगोपाल तिवारी नगर सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य, गोड़पार भवन के पास, गोंड़पारा, मोपका | 2.00 |
| सामुदायिक भवन चिंगराजपारा में मरम्मत कार्य, पटवारी प्रशिक्षण शाला चौक से शुक्ला मेडिकल के बगल, चिंगराजपारा | 2.00 |
| वार्ड क्रमांक 48 रंगमंच सह कक्ष निर्माण कार्य, मोपका गुडी चौक | 10.00 |
| वार्ड क्रमांक 51 सामुदायिक भवन में मंच सह शेड निर्माण कार्य, ऊर्जा पार्क के बगल में राजकिशोर नगर, | 15.00 |
| वार्ड क्रमांक 51 सरस्वती शिशु मंदिर में परिवर्तन, परिवर्धन एवं उन्नयन कार्य, सरस्वती शिशु मंदिर राजकिशोर नगर | 4.00 |
| वार्ड क्रमांक 52 शेड निर्माण कार्य, एफसीआई गोदाम के पास, ठाकुरदेव मंदिर के पास लिंगियाडीह | 15.00 |
| क्रमांक 52 वार्ड शेड निर्माण कार्य एफसीआई गोदाम के पास, अटल आवास गौरा चौरा के पास लिंगियाडीह | 2.00 |
| वार्ड क्रमांक 54 अतिरिक्त कक्ष सह शेड निर्माण कार्य, लक्ष्मी चौक चिंगराजपारा | 15.51 |
| वार्ड क्र. 54 सामुदायिक भवन में शेड सह शौचालय निर्माण कार्य, स्कूल चौक, चिंगराजपारा | 10.00 |
| वार्ड क्रमांक 58 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास, खमतराई | 5.00 |
| वार्ड क्र. 58 मानस मंच शेड निर्माण कार्य, साहू भवन के पास भाठापारा खमतराई | 5.00 |
| वार्ड क्र. 58 मंच निर्माण कार्य, हाउसिंग बोर्ड के पीछे, शिव हुनुमान मंदिर के पास, भाठापारा, खमतराई | 3.50 |
| वार्ड क्र. 64 अटल चौक से प्राइमरी स्कूल तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 12.26 |
| वार्ड क्र. 64 काली साहू के घर से अरूण साव के घर तक अमहापारा सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 5.78 |
| वार्ड क्र. 64 खोरवा यादव के घर से मुख्य मार्ग तक हरसागरपारा सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 5.78 |
| वार्ड क्र. 64 गुड्डा धीवर के घर से घोटारू वस्त्रकार के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 5.78 |
| वार्ड क्र. 64 दुखीराम साहू के घर से चमरूसाहू के घर तक 160 मीटर सी.सी. रोड निर्माण | 9.25 |
| वार्ड क्र. 64 नहर पल से मरीमाता होते हुए मिश्री तालाब तक सी.सी. रोड | 24.00 |
| वार्ड क्र. 64 नहर पुल से संजय कौशिक के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 5.78 |
| वार्ड क्र. 64 परदेशी यादव के घर से प्रज्ञा बरेठ के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 6.36 |

| | |
|---|---|
| वार्ड क्र. 64 मां माउली माता से मुन्ना धीवर के घर तक अमहापारा सी.सी. रोड निर्माण | 5.78 |
| वार्ड क्र. 64 विजय बरेठ के घर से दिपक बरेठ के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 4.05 |
| वार्ड क्र. 64 सी.सी. रोड निर्माण कार्य कोंदा यादव के घर तक | 3.47 |
| वार्ड क्र. 64 सी.सी. रोड निर्माण कार्य कोनी बिरकोना मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक | 11.56 |
| वार्ड क्र. 67 शेड निर्माण कार्य, छोटी आश्रम, देवनगर कोनी | 5.00 |
| वार्ड क्र. 67 शेड निर्माण कार्य, महामाया चौक, देवनगर कोनी | 5.00 |
| वार्ड क्र. 67 सामुदायिक शेड सह शौचालय निर्माण कार्य महिला-पुरूष, जयस्तंभ दैहानपारा कोनी | 10.00 |
| वार्ड क्र. 67 सामुदायिक भवन निर्माण कार्य दैहानपारा कोनी | 10.00 |
| कन्या छात्रावास भवन निर्माण कार्य, कुटीपारा, मोपका | 20.00 |
| आगंतुक कक्ष निर्माण, पुलिस थाना सरकण्डा, बिलासपुर | 10.00 |
| सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, डी.पी.लॉ कॉलेज के सामने, अशोकनगर | 10.00 |
| वार्ड क्र. 68 अनिल पटेल के घर से सुनिल केंवट के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 3.47 |
| वार्ड क्र. 68 ओम त्रिपाठी के घर से गोपीचंद एवं शारदा प्रताप के घर से प्रकाश मिरी के घर होते हुए जै जै आईटीआई तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 12.26 |
| वार्ड क्र. 68 चुन्नू गढेवाल के घर से लेकर पिण्डदान स्थल तक सी.सी. रोड निर्माण | 9.25 |
| वार्ड क्र. 68 जावेद अली के घर से संगम शुक्ला एवं रामकृष्ण तिवारी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण | 5.78 |
| वार्ड क्र. 68 जीवन बंजारे के घर से कंचन विहार तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 12.26 |
| वार्ड क्र. 68 दशमत नेताम के घर से नदी घाट तक सी.सी. रोड निर्माण | 3.47 |
| वार्ड क्र. 68 महावीर गढेवाल के घर से राधाकृष्णा मंदिर तक सी.सी. रोड निर्माण | 9.25 |
| वार्ड क्र. 68 रामचंद्र सारथी के घर से रोहित शुक्ला के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 4.90 |
| वार्ड क्र. 68 रामचन्द्र मिश्रा के घर से अंजोरी पटेल के घर होते हुए घाट तक सी.सी. रोड निर्माण | 3.47 |
| वार्ड क्र. 68 विष्णु धुव के घर से गुड्डु पटेल एवं महावीर पटेल के घर तक आर.सी.सी. नाली निमार्ण | 4.90 |
| वार्ड क्र. 68 शत्रुहन के घर से विद्या खाण्डे के घर एवं मस्जिद तक आर.सी. सी. नाली निर्माण | 4.90 |
| राज्य खेल प्रशिक्षकण केन्द्र बिलासपुर परिसर स्थित बालक छात्रावास के प्रथम तल निर्माण एवं भू-तल में अतिरिक्त शौचालय निर्माण कार्य | 362.07 |

**कुल लागत -7 करोड़ 49 लाख 84 हजार**



तिलकराम साहू, वार्ड क्र. 48, एमआईसी सदस्य
श्रीमती रेखा पाण्डेय, वार्ड क्र. 57, एमआईसी सदस्य
श्रीमती रूपाली गुप्ता, वार्ड क्र. 56, एमआईसी सदस्य
श्रीमती रेखा सूर्यवंशी, वार्ड क्र. 53, ज़ोन अध्यक्ष
श्रीमती रानी देवांगन, वार्ड क्र. 54, पार्षद
श्रीमती मनोरमा यादव, वार्ड क्र. 55, पार्षद
श्रीमती कमला पटेल, वार्ड क्र. 58, पार्षद
श्रीमती ममता मिश्रा, वार्ड क्र. 68, पार्षद
रमेश पटेल, वार्ड क्र. 13, पार्षद
जय वाधवानी, वार्ड क्र. 50, पार्षद
प्रितेश सोनी, वार्ड क्र. 51, पार्षद
हेमंत मरकाम, वार्ड क्र. 14, पार्षद

**विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता बेलतरा विधानसभा क्षेत्र**

J.J.Ad

## खबर संक्षेप

### प्लंबर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** पंप हाउस में प्लंबर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि वेदपरसदा निवासी प्रभात यादव पिता सहेत्तर यादव 42 साल एनटीपीसी में प्लंबर का काम करता था। 30 जून को उसने पंप हाउस में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर एनटीपीसी प्रबंधन के अधिकारी, सीआईएसएफ के जवान, सीपत पुलिस मौके पर पहुंची। तलाशी लेने पर सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर लिया है। हालांकि इसे गोपनीय रखा गया है। मृतक ने क्या लिखा है इसका खुलासा नहीं किया जा रहा है। श्री मिश्रा ने बताया कि मृतक पिछले 15 दिनों से ड्यूटी पर नहीं आ रहा था और शराब पीने का आदि था। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### कोयले की हेराफेरी फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कोयले की हेराफेरी मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पेंड्रा निवासी आशीष केशरी पिता रमेश केशरी कोल परिवहन व लिफ्टिंग का काम करता है। पूर्व में उसने एसईसीएल अमेरा विश्रामपुर से दो ट्रेलर में कोयला लोड कराकर गोपाल स्पंज एण्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड सिलतरा के लिए भेजा था। पेंड्रीडीह के पास गंगा साहू, रिजवान खान ने दोनों गाड़ी को रोकवाकर ड्राइवरों से सांठगांठ कर अग्रवाल कोलडिपो में 5 - 5 टन उच्च क्वालिटी का कोयला सस्ते दामों में खरीदकर गाड़ी में निम्न गुणवत्ता का कोयला लोडकर दिया गया था। सिलतरा में कोयले की जांच करने में निम्न गुणवत्ता की कोयला होने का खुलासा हुआ था। पुलिस ने उक्त मामले में फरार आरोपी रतनपुर खण्डवा मंदिर के पीछे रहने वाले रिजवान खान पिता वसीम खान 25 साल को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में पुलिस ने आरोपी नरेश कुमार अग्रवाल, गंगा प्रसाद साहू, फिरोज अंसारी, निशार जसारी, इमरान अंसारी को गिरफ्तार किया गया था।

### मिट्टी ले जाने से मना करने पर कार में तोड़फोड़

**बिलासपुर।** जबरदस्ती मिट्टी ले जाने से मना करने पर कार में तोड़फोड़ कर दी गई। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। तारबाहर पुलिस के अनुसार राजकिशोरनगर निवासी महेन्द्र डोडवानी कंस्ट्रक्शन का काम करता है। व्यापार विहार शराब दुकान के पास उसका कंस्ट्रक्शन में खुदाई का काम चल रहा है। 29 जून की रात 2.30 बजे अपने जीजा हरीश शीतलानी के घर से खाना खाकर अपने भाई महेश, भांजा रमेश, नितेश के साथ शुभम विहार से घर जा रहे थे। उनके व्यापार विहार कंस्ट्रक्शन साइट से कोई जेसीबी से हाइवा में मिट्टी लोड करा रहा था। मौके पर जाकर देखने पर पाया गया कि यदुनंदननगर निवासी अक्षय सिंह ठाकुर मिट्टी लोड करवा रहा था। मना करने पर अक्षय सिंह व उसके साथी गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ पड़े। प्रार्थी वहां से जान बचाने कार छोड़कर भाग खड़े हुए। 30 जून की सुबह जाकर देखे तो उनकी कार में तोड़फोड कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर अक्षय सिंह ठाकुर एवं अन्य के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कई स्टूडेंट्स ने एक से अधिक कालेजों का भरा आप्शन**

**अटल विवि के प्रवेश पोर्टल में रजिस्ट्रेशन का रहा आखिरी दिन**

# फर्स्ट ईयर में 30 हजार सीट, एडमिशन के लिए आनलाइन 53 हजार रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 16 जून से चल रही थी प्रक्रिया

कालेजों में अंडर ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर, प्रथम सेमेस्टर में एडमिशन के लिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में करीब 53 हजार आनलाइन रजिस्ट्रेशन हुए हैं। इनमें से कई फ्रेशर स्टूडेंट्स द्वारा एक से अधिक कालेजों का आप्सन भरा गया है। नए शिक्षा सत्र के लिए 16 जून से यूनिवर्सिटी के पोर्टल में रजिस्ट्रेशन कराने का सिलसिला शुरू हुआ था जिसका 30 जून आखिर दिन रहा।

अटल यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग और संबद्ध कालेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में फर्स्ट ईयर,



सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन फार्म भरने की प्रक्रिया 16 जून से चालू हुई, जिसका मंगलवार को आखिरी दिन रहा। बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करके आए फ्रेशर स्टूडेंटस जो कालेजों में फर्स्ट ईयर में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, उनके द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। यूनिवर्सिटी के पोर्टल में करीब 53 हजार रजिस्ट्रेशन हुए हैं। आनलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क 100 रुपए रखा गया था और स्टूडेंट्स एक से अधिक कालेजों के लिए रजिस्ट्रेशन कराने का आप्सन दिया गया था। इसलिए बहुत से फ्रेशर स्टूडेंट्स द्वारा एक से अधिक कालेजों का आप्सन भरा है। आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने वाले फ्रेशर छात्र-छात्राओं की सूची यूनिवर्सिटी द्वारा संबंधित कालेजों के डैशबोर्ड पर उपलब्ध करा दी जाएगी। कालेजों द्वारा इस सूची से प्रवेश के लिए मेरिट सूची बनाई जाएगी और उसी मेरिट सूची के आधार पर फर्स्ट ईयर में एडमिशन दिया जाएगा।

### 31 जुलाई तक प्राचार्य दे सकेंगे प्रवेश

प्रवेश के लिए बोर्ड या यूनिवर्सिटी द्वारा अंकसूची प्रदान न किए जाने की स्थिति में पूर्व संस्था के संबंधित प्राचार्य द्वारा प्रमाणित किए जाने पर बिना अंकसूची के आवेदन पत्र जमा किए जा सकेंगे। प्रवेश के लिए तिथि निर्धारित कर दी गई है और स्थानांतरण प्रकरणों को छोड़कर 16 जून से 31 जुलाई तक प्राचार्य स्वयं प्रवेश दे सकेंगे। उसके बाद भी कालेजों में सीटें रिक्त रही तो 14 अगस्त तक कुलपति की अनुमति से प्राचार्य प्रवेश दे सकेंगे।

### प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत का करना होगा पालन

कालेजों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में फर्स्ट ईयर, प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है और शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने भी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश संबंधी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत जारी कर दिया है। यह प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय एवं अशासकीय कालेजों में लागू होगा और प्रवेश के नियम को राजकीय यूनिवर्सिटी तथा संबद्ध शासकीय, अशासकीय कालेजों को कड़ाई से पालन करना होगा। शासकीय व अशासकीय कालेजों में प्रवेश के लिए यूनिवर्सिटी स्तर पर आनलाइन फार्म जमा कराया जाएगा। जिन कालेजों के लिए जितने फार्म जमा होंगे, उसे उस कालेज को प्रेषित कर दिया जाएगा।

**प्राथमिक स्कूल सिरगिट्टी में बच्चों के बैठने की व्यवस्था ही नहीं**

# 15 दिनों बाद भी वही हालत, खंडहरनुमा स्कूलों में पढ़ने को मजबूर हैं सैकड़ों बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ चिल्हाटी का प्राथमिक स्कूल खपरैल वाला, कभी भी गिर सकता

जिले में अव्यवस्था के बीच शिक्षा का नया सत्र तो शुरू कर दिया गया लेकिन व्यवस्था 15 दिनों बाद भी नहीं बन सकी है। तमाम दावों के बीच भीकहीं छत टूटे हैं तो कही डेस्क बेंच टूटे पड़े हैं। अधिकतर स्कूलों में व्यवस्था बनाने में ही दिन बीत रहा है। कुछ जगहों पर फर्श पूरी तरह से खराब हो चुका है। कई जगहों पर पानी की व्यवस्था नहीं होने से शौचालय बंद हैं। भवनों की हालत खराब होने के कारण छात्रों को बरामदे, सामुदायिक भवन और अतिरिक्त कक्षाओं में पढ़ने की मजबूरी है। प्राथमिक स्कूल सिरगिट्टी में बच्चों के बैठने की व्यवस्था ही नहीं है। छत कभी भी गिर सकती है। चिल्हाटी का प्राथमिक स्कूल खपरैल वाला है। इसके अलावा लालखदान स्कूल भवन जर्जर है। करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला का मुख्य भवन और अतिरिक्त कक्ष पिछले 3 सालों से पूरी तरह से ढहने की कगार पर पहुंच चुके हैं।

विकासखंडवार जर्जर स्कूलों की बात करें तो सबसे अधिक बिल्हा ब्लाक में इनकी संख्या 100 है। यहां 88 स्कूलों की कक्षाएं अतिरिक्त कमरों में लगेंगी। बाकी सामुदायिक भवन और बरामदे में लगाई जाएंगी। इसके साथ ही कोटा में 94, तखतपुर में 65 और मस्तूरी ब्लाक में 40 स्कूलों की हालत खस्ताहाल हैं। इसकी रिपोर्ट भी संचालनालय को भेज दी गई है लेकिन कुछ नहीं हुआ और इन्हीं स्कूलों में 50 हजार से अधिक बच्चे खतरे के बीच पढ़ाई करने को मजबूर है।








**देवनगर स्कूल कोनी में शिफ्ट किया गया :** बिरकोना क्षेत्र का देवनगर प्राइमरी स्कूल भवन नहीं बन सका है इसलिए बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने को मजबूर है। दरअसल 25 लाख रुपए की लागत से बन रहे स्कूल भवन का निर्माण कार्य पिछले तीन महीने से बंद पड़ा है। ऐसे में नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ ही बच्चों को करीब एक किलोमीटर दूर कोनी प्राइमरी स्कूल में शिफ्ट करना पड़ा है। नए भवन का निर्माण अधर में लटकने से 170 बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।खास बात है कि मिड-डे बिरकोना में ही बनेगा और उसे कोनी स्कूल तक पहुंचाया जाएगा। बिल्हा बीईओ भूपेंद्र कौशिक के मुताबिक ठेकेदार से बात की जा रही है।

### बिना क्लास लगे नया भवन हो रहा जर्जर

लालखदान प्राथमिक स्कूल की दर्ज संख्या 54 है। अभी तक पहली कक्षा में एक भी एडमिशन नहीं हो सका है। स्कूल की शिक्षिका ने बताया कि करीब एक किमी दूर नया स्कूल भवन तो बनाया गया है लेकिन वहां जाने का कोई रास्ता ही नहीं। नए भवन में कुल 45 लाख में 9 कमरे बनाए गए हैं जो बिना क्लास लगे जर्जर हो रहे हैं। स्कूल में शौचालय, पानी और किचन किसी की व्यवस्था नहीं है। इसलिए पुराने भवन खस्ताहाल भवन में क्लास लगाने की मजबूरी है। बारिश के दिनो में तो एक क्लास भी नहीं लग पा रही।

### तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति

ग्राम पंचायत करहीपार का शासकीय प्राथमिक शाला भवन पिछले तीन वर्षों से अत्यंत जर्जर और खंडहरनुमा स्थिति में पहुंच चुका है। मासूम बच्चों के सिर पर जो छत है उसका प्लास्टर भी लगातार गिर रही है, जिससे हर वक्त बच्चो के सर पर मौत का साया मंडरा रहा है। लगातार शिकायत के बाद भी जब शिक्षा विभाग मामले में सुध नहीं ले रहा है। कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से इसकी शिकायत भी की गई है। उपसरपंच सगुना ध्रुव के साथ ही ग्रामीण गंगा मरावी, इंद्रप्रसाद और रामनाथ ध्रुव ने बताया कि कई अभिभावकों ने तो डर के मारे अपने बच्चों को स्कूल भेजना ही बंद कर दिया है।

### व्यवस्था बनाई जा रही

फिलहाल जो व्यवस्था है, उसी हिसाब से कक्षाएं लगाईं जा रहीं है। जहां अधिक परेशानी है वहां बच्चों को दूसरे स्कूलों में शिफ्ट किया जा रहा है।

\- रामेश्वर जायसवाल
जिला शिक्षा अधिकारी

## अहमदाबाद एक्सप्रेस में पथराव करने वाले पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पकड़े गए आरोपी

अहमदाबाद से हावड़ा के बीच चलने वाली ट्रेन में पथराव कर यात्रियों को घायल करने वाले आरोपी की खोजबीन करने के बाद सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा गया है।

27 जून को गाड़ी संख्या 12833 अहमदाबाद से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस में पथराव किया गया। इसमें दिव्यांग कोच में सफर करने वाले यात्रियों कों चोट पहुंची। पथराव करने के बाद आरोपी फरार हो गया था। आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर जांच का आदेश दिया। विशेष टीम ने जांच शुरु करने के बाद विभिन्न स्टेशनों में लगे सीसी टीवी फुटेज को भी चेक किया। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की गई। घायल यात्रियों के संदिग्ध की पहचान कराने के बाद विशेष टीम ने तुमसर जिला भंडारा निवासी आरोपी यश वल्द प्रकाश बर्वे 23 साल को पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने पथराव करना स्वीकार किया। उसने बताया कि उसका और घायल यात्री के बीच विवाद हो गया, जिसके कारण उसने गुस्से में आकर पथराव किया। आरोपी से पूछताछ करने के बाद आरपीएफ की टीम ने रेलवे एक्ट के तहत अपराध कायम कर लिया है।

## सिग्नल केबल क्षतिग्रस्त करने वाला चालक गिरफ्तार, मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ चालक की लापरवाही से 3 घंटे प्रभावित रहा परिचालन

रेलवे स्टेशन पर सिग्नल केबल क्षतिग्रस्त करने के कारण गाड़ियों का परिचालन ठप करने वाले एचडीडी मशीन चालक को गिरफ्तार करने के साथ मशीन जब्त कर लिया गया है।

28 जून को स्टेशन के प्लेटफार्म कें समीप पर सिग्नल कोर केबल क्षतिग्रस्त होने की सूचना आरपीएफ को मिली। केबल क्षतिग्रस्त की वजह से पूरी लाइन पर ट्रेनों की आवाजाही ठप पड़ गई। सूचना मिलने के बाद वरिष्ठ अनुभाग अभियंता सिग्नल के मार्गदर्शन में टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरु किया। आरपीएफ ने मामले की जांच में पाया कि पावर मेक इंफ्रा लिमिटेड की ओर से रेलवे की पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना रेलवे की जमीन पर एचडीडी मशीन से खोदाई कार्य कराया जा रहा था। इस दौरान मशीन चालक की लापरवाही के कारण सिग्नल कोर केबल क्षतिग्रस्त होने से रेल परिचालन 3 घंटे तक प्रभावित हुआ। आरपीएफ ने विभागीय अफसरों की उपस्थिति में कार्रवाई करते हुए एचडीडी मशीन को जब्त कर चालक सुपौल बिहार निवासी संजय राम 34 साल के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।

## 2 लाख रुपए ट्रांसफर करने के बाद जालसाज ने फोन कर पैसा निकलने की जानकारी दी

**बिलासपुर।** वरिष्ठ नागरिक के बैंक खाते से 7 बार में 1 लाख 99 हजार 285 रुपए ट्रांसफर करने के बाद जालसाज ने फोन कर पैसा निकाल लेने की जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार रूचिका विहार कालोनी निवासी वरिष्ठ नागरिक देवेन्द्र कुमार रावत का बचत खाता बैंक ऑफ महाराष्ट्र मध्य प्रदेश शाखा से संचालित है। 28 जून को बिना जानकारी दिए 7 बार में उनके बैंक खाते से 1 लाख 99 हजार 285 रुपए ट्रांसफर कर लिया गया। इसके बाद जालसाज ने श्री रावत को स्वयं फोन कर उनके बैंक खाते से पैसा ट्रांसफर कर लेने की जानकारी दी। उन्होंने अपना बैंक एकाउंट चेक किया तो पैसा ट्रांसफर हो गया था। उक्त मोबाइल नम्बर पर फिर से फोन लगाया गया तो रिसीव नहीं हुआ। पुलिस ने श्री रावत की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 व 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### परिचित डॉक्टर की आवाज निकालकर 94 हजार की ठगी

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा अभिलाषा परिसर निवासी हेमलाल कुर्रे को अज्ञात फोन नम्बर से फोन कर परिचित डाक्टर का आवाज निकालकर कहा उनके मोबाइल से पैसा ट्रांसफर नहीं हो रहा है। एक व्यक्ति उनके मोबाइल में 94 हजार ट्रांसफर करेगा। उसे उसके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर कर देना। उसके बाद श्री कुर्रे को 94 हजार रुपए ट्रांसफर होने का मैसेज भेजा। मैसेज देखकर उन्होने बताए गए बैंक खाते में 94 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। बाद में उन्होने परिचित डाक्टर से बातचीत किया तो उन्होंने पैसा ट्रांसफर कराने से इनकार कर दिया। उसके बाद उन्हें ठगी होने का अहसास हुआ। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## नशे का फायदा उठाकर बाइक, मोबाइल जेवर चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नशे का फायदा उठाकर बाइक, मोबाइल, जेवर चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



तोरवा पुलिस के अनुसार 27 जून को ढेका निवासी श्रवण कुमार मुक्तिधाम शराब दुकान के पास नशे की हालत में खड़ा था। इसी दौरान अज्ञात दो लोग आए और उन्हें अपने साथ कुछ दूरी ले जाकर उनकी बाइक, मोबाइल, सोने की बाली चोरी कर भाग गए थे। पुलिस ने पतासाजी कर अनीस मसीह पिता अशोक मसीह 40 साल देवरीडीह, अरूण उर्फ गोलू पिता संतु नेताम 20 साल देवरीखुर्द हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक, मोबाइल, सोने की बाली बरामद कर जब्त कर लिया है।

### चोर ले उड़े जेवर, मोबाइल व नकद

बिलासपुर। घरवाले गहरी नींद में सोते रह गए और चोर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर, मोबाइल, नकद रकम चोरी कर भाग गए और उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। सीपत पुलिस के अनुसार नहरपारा निवासी मारूति कुमार सूर्यवंशी पिता बरनलाल सूर्यवंशी का परिवार 28 जून की रात 10 बजे भोजन करने के बाद सो गया। देर रात चोर उनके घर में घुसकर आलमारी से सोने का बाला, लाकेट, माला, चार जोड़ी पायल, कंगन, मेंहदी फूल, अंगूठी, मोबाइल व 4 हजार रुपए नकद चोरी कर आसानी से भाग गए और घरवालों को भनक तक नहीं लगी। 29 जून को सुबह 6 बजे उनकी पत्नी प्रभा सोकर उठी तब चोरी की जानकारी हुई। घर का आलमारी खुला हुआ था और सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे। सूचना पर पुलिस घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह जून 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जून 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जुलाई 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

### फिरौती मांगने के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में फरार एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 24 जून को रतनपुर भेलवापारा कलमीटार निवासी घनश्याम पाटले का चाकू की नोक पर अपहरण कर उसकी मां से 50 हजार रुपए फिरौती मांगा गया था। पुलिस ने उक्त मामले में फरार आरोपी सोम उर्फ रोशन निर्मलकर पिता रामेश्वर निर्मलकर 20 साल महामायापारा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में इशांन सारथी महामाया चौक निवासी व एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**बायोमेट्रिक आधार पर बांटा जाना था राशन**

# खाद्यान्न वितरण के मामले में 511 दुकानें संदेह के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में संचालित 698 राशन दुकानों में से 511 दुकानों में मोबाईल ओटीपी के आधार पर दस प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न वितरण करना पाया गया है।

राशन दुकान संचालकों द्वारा खाद्यान्न वितरण व्यवस्था में मोबाईल ओटीपी को ही प्राथमिकता देने पर भारत सरकार द्वारा कड़ी आपत्ति की गई थी। इस संबंध में खाद्य संचालक द्वारा राशन दुकानों की जांच कर ओटीपी पद्धति से दस प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न देने वाले राशन दुकानों की जांच कर प्रतिवेदन मांगा गया था। खाद्य संचालक द्वारा जारी निर्देशों के बाद खाद्य विभाग द्वारा जिले की राशन दुकानों की सघन जांच में मोबाईल ओटीपी से खाद्यान्न वितरण करने संबंधी बड़ा आंकड़ा सामने आया है। जिले के 511 राशन दुकान संचालक ऐसे हैं, जिन्होंने अपने कुल हितग्राहियों में से 10 प्रतिशत से अधिक हितग्राहियों को मोबाईल ओटीपी के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण कर दिया है। जिले में राशन दुकानों की कुल संख्या 698 है, जिसमें से केवल 187 दुकानें ही ऐसी हैं, जहां ओटीपी के माध्यम से दस प्रतिशत से कम हितग्राहियों को खाद्यान्न दिया गया।

खाद्य संचालक द्वारा इस संबंध में प्रत्येक राशन दुकानों की जांच कर ऐसे दुकानदारों की जानकारी चाही गई थी, जहां मोबाईल ओटीपी से दस प्रतिशत से अधिक खाद्यान्न जारी किए गए हैं। इतना ही नहीं, बल्कि यह स्थिति क्यों निर्मित हुई व इसका कारण जानते हुए सतत निगरानी करने एवं आगे इस तरह की गड़बड़ी पाए जाने पर क्षेत्र के खाद्य निरीक्षकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए थे।

### केवल जरूरतमंदों को ही ओटीपी का सहारा

ऐसा बिल्कुल नहीं है कि ओटीपी पद्धति से खाद्यान्न का वितरण किया ही नहीं जाना है, लेकिन इसके लिए ठोस कारण होना जरूरी है। शासन द्वारा 60 वर्ष से ऊपर एवं बीमार हितग्राहियों को मोबाईल पर ओटीपी के जरिए खाद्यान्न प्राप्त करने की छूट प्रदान की है। ये हितग्राही अब भी चाहें तो इस तरीके से खाद्यान्न प्राप्त कर सकते हैं। शेष हितग्राहियों के लिए इस तरह की व्यवस्था पर पूर्णतः मनाही है।

### जांच प्रतिवेदन मांगा गया

मोबाईल ओटीपी के आधार पर केवल जरूरतमंदों को ही खाद्यान्न जारी करना है। शेष सभी हितग्राहियों को बायोमेट्रिक आधार पर ही खाद्यान्न आबंटित करना है। जिले में 511 राशन दुकानों में दस प्रतिशत से अधिक ओटीपी आधार पर खाद्यान्न वितरण करना पाया गया है। इस संबंध में शासन स्तर से जांच कर प्रतिवेदन मांगा गया था

–अमृत कुजूर, खाद्य नियंत्रक

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411